फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– पीआरओ सैल–सरा0कार्य/2021 दिनॉकः जुलाई 06, 2021

---

:: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर में थाना मन्सुरपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री को किया जब्त, दौराने पुलिस कार्यवाही के 03 अवैध शस्त्र तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में बने/अधबने तमंचे व कारतूसो तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों को किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर अवैध शस्त्र तस्कर अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी व अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी खतौली के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्र0नि0 श्री कुशलपाल सिंह थाना मन्सुरपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 05.07.2021 की रात्रि थाना मन्सुरपुर पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री धीरेंद्र पाल सिह मय उ0नि0 श्री रोहित कुमार, का0 629 अजय कुमार, का0 864 अरुण कुमार मय प्राईवेट वाहन व उ0नि0 श्री मशकूर अली मय हमराह का0 2017 प्रदीप कुमार, का0 868 नरेश कुमार, का0 225 सुशील भाटी मय प्राईवेट वाहन के वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था/गस्त व चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश दबिश वाछित/वारंटी अभियुक्त के थाने से रवाना होकर थाना क्षेत्र मे मामूर थे। कि जब थाना मन्सूरपुर पुलिस टीम अपने अपने प्राइवेट वाहनो से गस्त करते हुए मंसूरपुर फ्लाईओवर के नीचे दुधाहेडी सोंटा तिराहे पर पहुंची तो जरिये मुखबिर खास थाना पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम दुधाहेड़ी जाने वाले रास्ते पर रजवाहे के पास महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की खाली पड़ी पुरानी बिल्डिंग जो काफी दिन से खाली खण्डहर हालत मे पडी हुई है उसमे कुछ लोग नाजायज तमन्चे की फेक्ट्री चलाकर तमन्चा तैयार कर रहे है। यदि जल्दी की जाये तो पकडे जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास कर थाना मन्सूरपुर पुलिस टीम मय मुखबिर के उसके बताये स्थान की ओर चल दिये और महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज ग्राम दुधाहेड़ी के गेट के पास पहुंचे। तो मुखबिर खास ने दूर से इशारा करके पुलिस टीम को बताया कि सामने वाली जो स्कूल की बिल्डिंग खाली पड़ी है, जिसमे बल्ब की रोशनी दिखाई दे रही है। उसी मे कुछ व्यक्ति तमन्चा फैक्ट्री चलाकर तमन्चा बना रहे है और मुखबिर वहॉ से चला गया ।तत्पश्चात् थाना मन्सूरपुर पुलिस टीम ने छिपते छिपाते कॉलेज की दीवार की आड लेकर देखा कि पुरानी खंडहर बिल्डिंग मे कुछ व्यक्ति अपने अपने हाथो मे लिये तमन्चे बनाने के उपकरण से तमन्चा बना रहे है व तमन्चो को खोलकर व बन्द करके चौक कर रहे है। जिस पर थाना मन्सूरपुर पुलिस टीम ने उन बदमाश व्यक्तियों के पास जाने का प्रयास किया तो पुलिस पुलिस को अपनी तरफ आता देखकर बदमाश एक साथ चिल्लाकर कहने लगे कि इकराम पुलिस आ गयी है मारो गोली नही तो पकडे जायेगे। जिस पर एक व्यक्ति ने अपने हाथ मे लिये तमन्चे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर झोक दिया। जिससे पुलिस टीम बाल –बाल बची और अभियुक्तगण चारो तरफ भागने का प्रयास करने लगे तो थाना मन्सूरपुर पुलिस टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए व ट्रैनिंग मे सिखलायी गये तरीके से दौडकर/घेरघोट कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पुरानी खंडहर बिल्डिंग मे से 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा 01 व्यक्ति पीछे की ओर दीवार कूदकर जंगल की तरफ भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण की जामातलाशी लेकर नाम पता पूछा गया तो अभियुक्तों द्वारा क्रमशः अपना **नाम 1– इकराम पुत्र साजिद निवासी ग्राम दुधाहेड़ी थाना मन्सूरपुर जनपद मजफ्फरनगर 2– नीरज पुत्र रामपाल निवासी ग्राम जौहरा थाना मन्सूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर 3. भीकम सिंह पुत्र राजाराम निवासी ग्राम कवाल थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर 4. राकेश पुत्र रमेश चंद निवासी ग्राम अलमासपुर थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर** तथा अपने भागे हुए साथी अभियुक्त का नाम **चंद्रसेन पुत्र नाहर सिंह निवासी गांव शेरनगर थाना नई मंडी जनपद मुजफ्फरनगर** बताया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 1. 03 मस्कट (315 व 12 बोर) 2. 07 तमंचे (315 व 12 बोर) 3. 07 जिन्दा कारतूस (315 व 12 बोर) 4. 10 अधबने तमंचे (विभिन्न बोर के) 5. 01 तमंचे की बॉडी 6. 22 नाल (विभिन्न बोर की) 7. अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण– ( 01 शिकंजा, 01 गलैण्डर मशीन, 01 ड्रिल मशीन, 10 फायरिंग पिन, 16 बिट–छोटी व बडी, 01 आरी, 03 आरी के ब्लेड, 03 छैनी, 02 हथौडी, 02 रेती, 28 स्प्रिंग, 20 लकडी की चाप, 02 सुम्मी,रेगमाल ) आदि बरामद किए गए। जिसके सम्बन्ध में थाना मन्सूरपूर पर मु0अ0सं0–160/21 धारा–147.148. 149.307 भादवि0 बनाम 1. इकराम उपरोक्त 2.. नीरज उपरोक्त 3. भीकम उपरोक्त 4. राकेश उपरोक्त, मु0अ0सं0–161/21 धारा–5/25 आयुद्व अधि0 बनाम 1. इकराम उपरोक्त 2.. नीरज उपरोक्त 3. भीकम उपरोक्त 4. राकेश उपरोक्त, मु0अ0सं0–162/21 धारा–3/25/27 आयुद्व अधि0 बनाम इकराम उपरोक्त के विरूद्व पंजीकृत किए गए। पंजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री संजय कुमार द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1– इकराम पुत्र साजिद निवासी ग्राम दुधाहेड़ी थाना मन्सूरपुर जनपद मजफ्फरनगर ।

2– नीरज पुत्र रामपाल निवासी ग्राम जौहरा थाना मन्सूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर ।

3– भीकम सिंह पुत्र राजाराम निवासी ग्राम कवाल थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर ।

4– राकेश पुत्र रमेश चंद निवासी ग्राम अलमासपुर थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।

**फरार अभियुक्त का नाम व पताः–**

1– चंद्रसेन पुत्र नाहर सिंह निवासी गांव शेरनगर थाना नई मंडी जनपद मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी का विवरणः–**

1. 03 मस्कट (315 व 12 बोर)
2. 07 तमंचे (315 व 12 बोर)
3. 07 जिन्दा कारतूस (315 व 12 बोर)
4. 10 अधबने तमंचे (विभिन्न बोर के)
5. 01 तमंचे की बॉडी
6. 22 नाल (विभिन्न बोर की)
7. अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण– ( 01 शिकंजा, 01 गलैण्डर मशीन, 01 ड्रिल मशीन, 10 फायरिंग पिन, 16 बिट–छोटी व बडी, 01 आरी, 03 आरी के ब्लेड, 03 छैनी, 02 हथौडी, 02 रेती, 28 स्प्रिंग, 20 लकडी की चाप, 02 सुम्मी,रेगमाल ) आदि ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम** :–

- व0उ0नि0 श्री धीरेंद्र पाल सिह थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री रोहित कुमार थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री मशकूर अली थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 2017 प्रदीप कुमार थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 868 नरेश कुमार थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 225 सुशील भाटी थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 629 अजय कुमार थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 864 अरुण कुमार थाना मन्सुरपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

नोटः— गिरफ्तार अभियुक्त नीरज उपरोक्त पर लूट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर जैसी धाराओं में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त शातिर किस्म के अवैध शस्त्र तस्कर प्रवृति के अपराधी है। अभियुक्तगणों द्वारा घटना किये जाने का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

6/7/14

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर